2020

(Held in 2021)

HINDI

(Major)

Paper : 5.4

(Hindi Ka Ekanki Sahitya)

Full Marks : 42

Time : 2 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

GROUP—A

(*Marks* : 21)

1. निम्नलिखित प्रश्नों के पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×2=2

(क) प्रथम आधुनिक एकांकी किसे माना जाता है?

(ख) ''माता का हृदय संसार के किसी वैभव से नहीं तुल सकता। वह सबसे बड़ा है।'' प्रस्तुत कथन किसका है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग *30* शब्दों में) दीजिए : 2×2=4

(क) रेवा की दो चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ख) संकलन-त्रय का आशय स्पष्ट कीजिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर (प्रत्येक लगभग *80* शब्दों में) दीजिए : 5×3=15

(क) ''दूध, औलाद और स्त्री को बिगड़ते देर नहीं लगती बाबूजी!'' प्रस्तुत कथन का सप्रसंग आशय स्पष्ट कीजिए।

(ख) दादा मूलराज कौन हैं? पारिवारिक बंधन के संबंध में उनके विचारों पर प्रकाश डालिए।

(ग) ''जब कुर्सी-मेज बिकती है, तब दूकानदार कुर्सी-मेज से कुछ नहीं पूछता, सिर्फ खरीददार को दिखला देता है। पसंद आ गई तो अच्छा है, वरना...''—प्रस्तुत कथन में निहित व्यंग्य का खुलासा कीजिए।

(घ) चारुमित्रा की स्वामी-भक्ति, त्याग एवं समर्पण द्वारा एकांकीकार ने किस प्रकार सम्राट अशोक के हृदय-परिवर्तन की अभिव्यक्ति की है? स्पष्ट कीजिए।

(ङ) भुवनेश्वर प्रसाद की साहित्यिक देन पर सम्यक् प्रकाश डालिए।

GROUP—B

(*Marks* : 21)

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर (प्रत्येक लगभग *125* शब्दों में) दीजिए : 7×3=21

(क) कथावस्तु-विधान की दृष्टि से 'यह स्वतंत्रता का युग' **अथवा** 'समरेखा-विषमरेखा' की समीक्षा कीजिए।

(ख) '''महाभारत की एक साँझ' में एकांकीकार ने दुर्योधन के चरित्र को आधुनिक दृष्टि से रूपायित किया है।'' सतर्क उत्तर दीजिए।

(ग) नामकरण की सार्थकता की दृष्टि से 'सूखी डाली' एकांकी की समीक्षा कीजिए।

(घ) पठित एकांकियों में से किस एकांकी ने आपको सर्वाधिक प्रभावित किया है और क्यों? सतर्क उत्तर दीजिए।

(ङ) ''मम्मी और ठकुराइन का संघर्ष वस्तुतः आधुनिकता और मध्यकालीन संस्कारों के संघर्ष की अभिव्यक्ति है।'' पठित एकांकी के आधार पर प्रस्तुत कथन की समीक्षा कीजिए।

★ ★ ★